(१५७०)

| | |
|---|---|
| संकट मे पड़ना | दु:ख मे पड़ना। कष्ट मे पड़ना। |
| संग करना | के साथ होना। दोस्ती करना। |
| संग छोड़ना | साथ छोड़ना। |
| संग जाना | साथ जाना। हमराह होना। |
| संग हो लेना | साथ हो लेना। पीछा करना। |
| संग लेना | साथ लेना। साथ ले चलना। |
| संग सोना | सहवास करना। समागम करना। |
| संगत करना | गानेवाले के साथ कोई वाद्य बजाना। |
| संगति बैठना | मेल मिलना। उ०- संगति सुमति न पावही परे कुमति के धंध। नीति। |
| संझा बत्ती | सन्ध्या के समय दीपक जलाना। |
| संठ मारना | मौन रहना। चुप्पी लगाना। |
| संभाला लेना | रोगी का मरने से कुछ पहले थोड़ा संभल या ठीक हो जाना। |
| संयोग से | बिना पहले से निश्चित हुए। इत्तफाक से। दैववशात्। |
| सखुन डालना | कोई बात कहना। कुछ चाहना या मांगना। उ०- सखुन उन्हीं पर डाले जो हंस हंसा रखे मान। प्रश्न करना। पूछना। सवाल करना। हँस |
| सखुन देना | वचन हारना। वादा करना। |
| सख्तियां उठाना | मुसीबत झेलना। जुल्म बरदाश्त करना। |
| सख्ती उठाना | मुसीबत झेलना। जुल्म बरदाश्त करना। |
| सख्ती से | कष्ट से। कठिनाई से। |
| सख्ती से पेश आना | कड़ाई करना। कठोरता, निर्दयता का व्यवहार करना |
| सज़ा का मजा मिलना | किये का फल पाना। |

| | |
|---|---|
| सटक्का मारना | एक सांस में दौड़कर जाना। बहुत तेज़ी से जाना। |
| सट्टा बट्टा लड़ाना | अपना कार्य सिद्ध करने के लिए किसी प्रकार की युक्ति करना। |
| सट्टी मचाना | शोर-गुल करना। |
| सट्टी लगाना | बहुत सी चीजें इधर उधर फैला देना। |
| सत पर चढ़ना | पति के मृत शरीर के साथ सती होना। |
| सत पर रहना | पतिव्रता होना। सती होना। |
| सतह चौरस करना | समतल करना। उभार और गहराई अथवा ऊबड़खाबड़पन निकालना। |
| सती होना | मरे हुए पति के शरीर के साथ चिता में जल मरना। सहगमन करना। किसी के पीछे मर मिटना। |
| सतीत्व नष्ट करना | किसी स्त्री से बलात्कार करना। |
| सत्ता चलाना | अधिकार जताना। शासन करना। यह प्रकट या सिद्ध करना कि हम में यह सत्ता या शक्ति है। |
| सत्तू बांधकर पीछे पड़ना | किसी के विरुद्ध निरन्तर चेष्टाशील रहना। पूरी तैयारी के साथ किसी काम में लगना। सब काम धाम छोड़कर प्रवृत्त होना। |
| सदके उतारना | कोई चीज किसी के सिर के चारों ओर घुमाकर किसी को देना या चौराहे पर रख आना। |
| सदके करना | निछावर करना। वारना। (स्त्री) चूल्हे में डालना। |
| सदके जाना | बलि जाना (मुसलमान)। निछावर होना। |
| सदके में छोड़ना | वारकर छोड़ना (किसी चिड़िया को)। |
| सदके होना | निछावर होना। वारी जाना। |
| सदमा उठाना | दुःख, हृदय पर हुए आघात को सह लेना। |
| सदमा पहुंचना | चोट लगना। नुकसान पहुंचना। |

| | |
|---|---|
| सदा देना | फकीर का आवाज लगाना। पुकारना। |
| सदा बुलंद करना | आवाज उठाना। नारा लगाना। |
| सदा लगाना | फकीर का आवाज लगाना। पुकारना। |
| सनक आना | पागल होना । |
| सनक चढ़ना | धुन सवार होना। |
| सनक लेना | पागलपन का कोई काम करना। |
| सनक सवार होना | धुन सवार होना। |
| सनद गरदानना | परीक्षक करना। प्रमाण में सामने रखना। |
| सनद जानना | सही?प्रामाणिक मानना। |
| सनाथ करना | आश्रय देना। |
| सन्नाटा खींचना | बिल्कुल चुप हो जाना। |
| सन्नाटा छाना | सब लोगों का का बिल्कुल स्तब्ध हो जाना। |
| सन्नाटा बीतना | उदासी में समय कटना। |
| सन्नाटा मारना | बिल्कुल चुप हो जाना। |
| सन्नाटे का | सन सन शब्द के साथ बहता हुआ। |
| सन्नाटे के साथ | तेजी से। |
| सन्नाटे में आना | स्तम्भित हो जाना। कुछ कहते सुनते न बनना। हक्का बक्का हो जाना। |
| सन्नाटे से | तेजी से। |
| सपना होना | देखने को भी न मिलना। दुर्लभ हो जाना। अप्राप्य होना। |
| सफ़ उलट देना | सैनिकों की पांत को छिन्न-भिन्न या अस्त-व्यस्त कर देना। |
| सफ़हा से उठ जाना | मर जाना। |

| | |
|---|---|
| सफ़ा कर देना | साफ कर देना।कुछ रहने न देना।पूरी तरह मूड़ लेना।चाट-पोंछ जाना। |
| सफ़ा कहना | खरी,बेलाग कहना। |
| सफाई कर देना | साफ कर देना।चुकता कर देना।चट कर जाना। समाप्त कर देना। |
| सफाई देना | निर्दोषिता प्रमाणित करना।कसूरवार न होने का सबूत देना। |
| सफ़ाई हो जाना | मैल,चुकता,सफ़ाया हो जाना। |
| सफाया कर देना | समाप्त कर देना।मिटा देना।सबको मार डालना। |
| सफ़ें साफ कर देना | सैन्य पंक्तियों का सफाया कर देना। |
| सफेद पड़ जाना | (भय,रोग आदि से)चेहरे का रंग उड़ जाना।पीला पड़ जाना। |
| सफेदी आना | बाल सफेद होना।बुढ़ापा आना।जैसे- स्याही गयी सफेदी आयी। स्फु० । |
| सब मिलाकर | जितना हो उतना।सब।कुल। |
| सबक़ पढ़ाना | शिक्षा देना।पट्टी पढ़ाना।बहकाना। |
| सबक़ लेना | पढ़ना।शिक्षा लेना। |
| सबक़ सिखाना | शिक्षा देना। |
| सबक़त करना | आगे बढ़ जाना।पहल करना। |
| सबक़त ले जाना | आगे बढ़ जाना।(अपनी) श्रेष्ठता स्थापित करना। |
| सब्ज़ बाग़ दिखाना | अपना काम निकालने या फसाने के लिए बड़ी बड़ी आशायें दिलाना।धोखा देना। |
| सब्ज़ होना | हरा-भरा होना।फलना-फूलना। |
| सब्ज़ा आना | कपोलों पर दाढ़ी के बाल उगने लगना। |
| सब्त करना | लिखना। |

| | |
|---|---|
| सब्र आना | धीरज धरना।कल पड़ना। |
| सब्र कर बैठना | कोई हानि या अनिष्ट होने पर चुपचाप उसे सह लेना। |
| सब्र कर लेना | कोई हानि,अनिष्ट होने पर चुपचाप उसे सह लेना। |
| सब्र करना | सहन करना।अत्याचार को चुपचाप सह लेना।ठहरना। धैर्य रखना।आशा त्याग देना। |
| सब्र की सील छाती (दिल)पर रखना | चुपचाप धैर्यपूर्वक सह लेना। |
| सब्र देना | (ईश्वर का) सहने की शक्ति देना।धीरज बंधाना। |
| सब्र पड़ना | पीड़ित या दुखिया की आह का असर होना।सब्र के बदले में अत्याचारी को ईश्वर से दण्ड मिलना। |
| सब्र समेटना | किसी का शाप लेना।ऐसा काम करना जिसमें किसी का शाप पड़े। |
| समझ रखना | अच्छी तरह जान रखना।भली भांति हृदयंगम करना। |
| समझ लेना | बदला लेना।प्रतिशोध लेना।समझौता करना। निपटारा करना। |
| समय पर | ठीक वक्त पर। |
| समा बदल जाना | स्थिति बदल जाना। |
| समां बंधना | (संगीत आदि कार्यों का)इतनी उत्तमता से होना कि सब सब लोग स्तब्ध हो जायें।रंग जमना। |
| समां बांधना | रंग जमाना। |
| सर अवसर न देखना | यह न सोचना कि अमुक काम के लिए यह अवसर ठीक है या नहीं। उ०- नृप सिसुपाल महापद पायौ, सर अवसर नहिं जान्यौ। सूर । |
| सर अवसर न समझना | यह न सोचना कि अमुक काम के लिए यह अवसर ठीक है या नहीं। |
| सर करना | बन्दूक छोड़ना।फायर करना।जीतना।वश में लाना। दबाना।खेल में हारना।आरम्भ करना। |

| | |
|---|---|
| सर होना | सफल होना।आरम्भ होना।फतह होना।छोड़ा जाना (तोप-बन्दूक)। |
| सरता-बरता करना | एक दूसरे की सहायता से काम चलाना। |
| सरफराज करना | वैश्या के साथ प्रथम समागम करना। |
| सराफी करना | रूपये-पैसे परखना।सराफ का काम करना। |
| सर्द होना | ठंढा पड़ना।शीतल होना।मरकर तमाम होना।मंद हो जाना।धीमा हो जाना।उत्साह रहित होना।चुप हो जाना।दब जाना। |
| सर्दी खाना | ठंढ लगना।शीत सहना। |
| सर्दी गर्मी से बचाना | ठंढ़-गर्म मौसम या हवा से बचाना। |
| सर्दी पड़ना | जाड़ा होना। |
| सर्फ होना | खर्च होना।बीतना। |
| उर्व उठना | किसी के सम्मान के के लिए खड़ा हो जाना। |
| सरांटे भरना | तेजी के साथ इधर से उधर जाना। |
| सर्राफ के से टके | वह सौदा जिसमें किसी प्रकार की हानि न हो। |
| सल्तनत बैठना | प्रबन्ध ठीक होना। |
| सल्ब हो जाना | लुप्त हो जाना।छिन जाना। |
| सलाई फेरना | सुरमा,दवा लगाना।आंख फोड़ना।सलाई गरम करके आंखे मैं लगाना। |
| सलाम करके चलना | किसी से नाराज होकर चलना।अप्रसन्न होकर विदा होना। |
| (किसी को)सलाम करना | दूर रहने की इच्छा प्रकट करना।त्यागना।विदा होना (किसी की)उस्तादी,बड़ाई आदि मान लेना। |
| (किसी को)सलाम देना | सलाम करना।सलाम कहलाना।विदा करना। |
| सलाम फेरना | नमाज खत्म करना।किसी से अप्रसन्न होकर उसका प्रणाम स्वीकार न करना। |

| | |
|---|---|
| सलाम लेना | सलाम का जवाब देना। मिलना बंद कर देना। बिदा होना। |
| सलाम है | हम दूर रहना चाहते हैं। बाज आये। |
| सलामत रहना | कायम रहना। बना रहना। जीवित रहना। |
| सलामती का जाम पीना | स्वास्थ्यकामना का प्याला पीना। |
| सलामती चाहना | कुशल मनाना। |
| सलामती पढ़ना | वह दुआ पढ़ना जिसमें खुदा के नित्य होने, सर्वकाल में विद्यमान होने की बात कही गयी हो। |
| सलामती से | ईश्वर की कृपा से। परमात्मा के अनुग्रह से। |
| सलामी उतारना | किसी के स्वागतार्थ बन्दूकों या तोपों की बाढ़ दागना। |
| सलामी लेना | सलाम का जवाब देना। सलाम कबूल करना। किसी बड़े अधिकारी का खड़े होकर सैनिकों का अभिवादन स्वीकृत करना। |
| सलावतें सुनाना | गालियाँ देना। बुरा-भला कहना। |
| सल्तनत जमना | अधिकार स्थापित होना। प्रबन्ध ठीक होना। |
| सल्तनत बैठना | अधिकार स्थापित होना। प्रबन्ध ठीक होना। |
| सव साजना | चिता बनाकर जलाने के लिए उस पर शव रखना। |
| सवाब कमाना | ऐसा काम करना जिसमें पुण्य हो। पुण्य कार्य करना। |
| सवाब बख्शना | दूसरे को पुण्यफल देना। |
| सवारी आना | (सवारी पर) पधारना। |
| सवारी कसना | विपक्षी को सवारी (पेंच) में बांधना। आसनतले ब दबाना। |
| सवारी गांठना | विपक्षी को सवारी (पेंच) में बांधना। आसनतले दबाना। |

| | |
|---|---|
| सवारी देना | सवारी का काम देना। |
| सवारी लाना | सवारी का लाया जाना। |
| सवारी लगाना | डोली, पालकी इत्यादि का सवार होने के लिए ड्योढ़ी मैं रखना। |
| सवारी लेना | सवारी के काम मैं लाना। सवार होना। |
| सवाल करना | पूछना। जांच के लिए कोई बात पूछना। मांगना। याचना करना। |
| सवाल कुछ, जवाब कुछ | प्रश्न से असम्बद्ध उत्तर देना। |
| सवाल डालना | प्रार्थना, याचना करना। |
| सवाल देना | (किसी पर) नालिश करना। फरियाद करना। प्रार्थना-पत्र देना। |
| सवाल बनाना | परीक्षा मैं पूछने के लिए प्रश्न तैयार करना। |
| सस्ता लगा देना | कम दाम पर बेचना। दाम या भाव कम कर देना। |
| सस्ते छूटना | सहज मैं किसी बड़े काम या संकट से छुटकारा पाना। |
| सहक से उठ जाना | सतीत्व से च्युत हो जाना। सतियों की श्रेणी से बाहर जाना। |
| सहम चढ़ना | डर होना। भय होना। |
| सही पड़ना | ठीक उतरना। सच होना। प्रमाणित होना। |
| सही मरना (भरना) | तसलीम करना। मान लेना। उ०- बानी बिधि गौरि हर सेसहूँ गनेस कही सही भरी लोमस भुसुंडिबहु बारिषो। तुलसी। यह कहना कि हां, यह ठीक है। किसी की सत्यता की साक्षी देना। |
| स्याह सफेद | भला बुरा। इष्ट अनिष्ट। |
| सांचे मैं ढला होना (सांचे मैं ढला) | (बहुत सुंदर) अंग प्रत्यंग से बहुत ही सुन्दर होना। रूप और आकार आदि मैं बहुत सुन्दर होना। |

| | |
|---|---|
| सांचे में ढालना | बहुत सुन्दर बनाना। |
| सांड़ की तरह घूमना | आजाद और बेफिक्र घूमना। |
| सांड़ की तरह डकरना | जोर से चिल्लाना। |
| सांधा मारना | दो रस्सियों आदि में गांठ लगाकर उन्हें जोड़ना। |
| सांप उतारना | सांप का जहर दूर करना। |
| सांप का पांव देखना | असम्भव बात के लिए प्रयत्न करना। |
| सांप का बच्चा | दुष्ट। अत्याचारी। |
| सांप की तरह जमीन पकड़ना | जरा भी न हिलना। |
| सांप की तरह फन पकड़ कर रह जाना | वश न चलना। प्रयत्न में विफल होना। |
| सांप की लकीर | पृथ्वी पर का चिन्ह जो सांप के निकल जाने पर होता है। |
| सांप की लहर | सांप काटने का कष्ट। |
| सांप की सी केंचुली फाड़ना | साफ-सुथरा होना। आरोग्य-लाभ करना। |
| सांप कीलना | मंत्र द्वारा सांप को काटने से रोकना। |
| सांप के मुंह में | बहुत जोखिम में। |
| सांप खेलाना | मंत्र के बल से सांप पकड़ना और उससे क्रीड़ा करना। |
| ✓सांप छछूंदर की गति | द्विविधा की स्थिति। उ०- उभय भांति बिधि त्रास घनेरी। भइ गति सांप छछूंदरि केरी। मानस। |
| सांप लहराना | सांप की तरह आचरण करना। बहुत व्याकुल होना। |
| सांप सा लोटना | बहुत व्याकुल होना। |
| ✓सांप सूंघ जाना | मर जाना। निर्जीव हो जाना। किसी को सांप काट लेना। जिससे वह मर जाता है। [illegible] |
| सांप से खेलना | खतरनाक आदमी से मेल-मिलाप करना। |
| ✓सांस उखड़ना | दम टूटना। हांफना। [illegible] |

| | |
|---|---|
| सांस उड़ना | दम रुकना। |
| सांस उलटी चलना | आसन्नमृत्यु होना। |
| सांस ऊपर को चढ़ना | आसन्नमृत्यु होना। |
| सांस ऊपर नीचे होना | सांस रुकना। दम घुटना। बहुत व्यस्त होना। |
| सांस का शुमार होना | आसन्नमृत्यु की सांस देखकर हालत का निश्चय होना। |
| सांस खींचना | जोर से सांस लेना। वायु अन्दर खींचकर उसे रोक रखना। दम साधना। |
| सांस गिनना | आसन्नमृत्यु की सांस देखकर हालत का निश्चय करना। |
| सांस चढ़ना | हांफना। सांस फूलना। |
| सांस चढ़ाना | सांस लेना। दम साधना। मुर्दा बन जाना। |
| सांस चलना | जिंदा होना। |
| सांस छोड़ना | सांस बाहर निकालना। |
| सांस टूटना | सांस का नियमित रूप से न चलना। दम टूटना। |
| सांस डकार न लेना | माल पचा जाना और पता न लगने देना। |
| सांस तक न लेना | बिलकुल चुपचाप रहना, कुछ भी न बोलना। |
| सांस देखना | बीमारी की हालत में सांस देखकर मरणासन्न आदि होने का निश्चय करना। |
| सांस न निकालना | चुप रहना। |
| सांस न लेना | तुरन्त मर जाना। |
| सांस निकलना | मृत्यु होना। किसी चीज के अन्दर भरी हुई हवा का बाहर निकल जाना। |
| सांस फूलना | सांस चढ़ना। दमे का रोग होना। हांफना। |
| सांस भरना | किसी चीज के अन्दर हवा भरना। ऊपर का दम भरना। हांफना। आह भरना। |

| | |
|---|---|
| सांस रहते | जीते जी। जीवनपर्यंत। |
| सांस रुकना | सांस के आने-जाने में बाधा होना। |
| सांस लेना | सांस अन्दर लेना और बाहर निकालना। थक जाने पर विश्राम करना। ठहर जाना। |
| (उलटी)सांस लेना | बड़े कष्ट में होना। |
| सांस लेने की फुरसत | थोड़ी सी फुरसत। |
| सांस सीने में बढ़ना | सांस रुकना। मरणासन्न होना। |
| सांसा चढ़ना | चिन्ता होना। फिक्र होना। |
| सांसा पड़ना | संशय होना। सन्देह होना। चिन्ता होना। |
| सांसा रहना | अन्देशा रहना। |
| साई बजाना | जिससे साई ली हो, उसके यहां नियत समय पर जाकर गाना बजाना। |
| साका चलना | प्रभाव माना जाना। उ०- हृदय मुकुतामाल निरखत वारि अवलि वलाक। करज कर पर कमल वारत चलति जहं तहं साक। सूर । |
| साका चलाना | रौब जमाना। धाक जमाना। आतंक फैलाना। |
| साका बांधना | रौब जमाना। धाक जमाना। आतंक फैलाना। |
| साखी पुकारना | साक्षी का कुछ कहना। साक्षी देना। गवाही देना। उ०- याते योग न आवै मन में तू नीके करि राखि। सूरदास स्वामी के आगे निगम पुकारत साखि। सूर । |
| साग पात समझना | बहुत तुच्छ समझना। कुछ न समझना। |
| साज़ करना | मेल करना। साजिश करना। |
| साज़ छेड़ना | साज बजाना। |
| सात की नाक काटना | सारे परिवार का बदनाम होना। |
| सात घर भीख मांगना | दर-दर मांगना। |

| | |
|---|---|
| सात धार होकर निकलना | खाद्य पदार्थ का बिना पचे दस्त होकर निकलना। |
| सात परदे लगना | परदे में रहना। |
| सात परदों में रखना | छिपा कर रखना। बहुत सम्भालकर रखना। |
| सात पांच करना | बहाना करना। झगड़ा करना। उपद्रव करना। चालबाजी करना। धूर्तता करना। |
| सात राजाओं की साक्षी देना | बहुत दृढ़तापूर्वक कोई बात कहना। किसी बात की सत्यता पर बहुत जोर देना। उ०- मनसि बचन अरु कर्मना कछु कहति नाहिन राखि। सूर प्रभु यह बोल हिरदय सात राजा साखि। सूर । |
| सात समुंदर पार | बहुत दूर। |
| सात सींके बनाना | शिशु जन्म के छठे दिन एक रीति जिसमें सात सींकें रखी जाती हैं। उ०- साथिये बनाइकै देहि द्वारे सात सींक बनाय। नव किसोरी ह्वै ह्वै गहति यशुदा जी के पांय। सूर । |
| सातों भूल जाना | होश-हवाश चला जाना। इन्द्रियों का काम न करना। |
| साथ करना | सम्पर्क में रहना। पास रहना। |
| साथ का खेला | बाल्यावस्था का मित्र। बचपन का साथी। लंगोटियायार |
| साथ को | वह जिससे रोटी लगाकर खायी जाय। |
| साथ खोना | साथ से वंचित होना। |
| साथ घसीटना | जबरदस्ती सम्मिलित करना। |
| साथ छूटना | संग छूटना। अलग होना। जुदा होना। दोस्ती छूटना। |
| साथ देना | किसी काम में संग रहना। सहानुभूति करना। सहायता देना। निबाहना। सम्मिलित होना। |
| साथ निबहना | निबाह होना। |
| साथ रहना | संग रहना। |
| साथ लग लेना | सम्मिलित हो जाना। |

| | |
|---|---|
| साथ लगा रहना | पीछा न छोड़ना। |
| साथ लेकर डूबना | अपने साथ दूसरे की भी हानि करना। |
| साथ लेना | अपने संग रखना या ले चलना। |
| साथ सुलाना | किसी का एक बिस्तरे पर दूसरे के निकट सोना। सहवास करना। |
| साथ सोकर मुंह छिपाना | अत्यधिक घनिष्टता होने पर भी संकोच करना। |
| साथ सोना | किसी का एक बिस्तरे पर दूसरे के निकट सोना। सहवास करना। |
| साथ ही | सिवा। अलावा। |
| साथ ही साथ | एक साथ। |
| साथ होना | सम्मिलित होना। |
| साद करना | सही मानना। स्वीकृति सूचित करना। |
| साध न रहने देना | सब प्रकार से इच्छा पूरी कर लेना। कुछ कमी या कसर न करना। उ०- व्याध अपराध की साध राखी कहा, पिंगलै कौन मति भक्ति भेई भई। तुलसी । |
| साध राधना | अभिलाषा पूरी करना या होना। |
| साधु साधु कहना | किसी का कोई अच्छा काम करने पर उसकी बहुत प्रशंसा करना। |
| सान देना | धार तीक्ष्ण करना। धार तेज करना। |
| सान धरना | ~~अस्त्र तेज करना। चोखा करना।~~ धार तेज करना। |
| साफ करना | चुकाना (हिसाब)। अभ्यास करना। मार डालना। वध करना। हत्या करना। नष्ट करना। चौपट करना। न रहने देना। खा जाना। सफाई करना। धोना मांजना। फिर से लिखना। विघ्न बाधा दूर करना। |
| साफ कहना | खरी, बेलाग कहना। सच्ची बात बिना कुछ घटाये-छिपाये कहना। खुलकर, स्पष्ट रूप से कहना। |

| | |
|---|---|
| साफ छूटना | बेदाग छूटना। निर्दोष सिद्ध होकर रिहाई पाना। |
| साफ बचना | बाल-बाल बचना। तनिक भी आंच न आना। |
| साफ बनना | पाक-साफ बनना। सचाई, साधुता का ढोंग करना। |
| साफ बोलना | उच्चारण ठीक होना। शुद्ध प्रवाह के साथ बोलना। |
| साफ मैदान पाना | कोई विघ्न-बाधा न होना। एकान्त मिलना। |
| साफ साफ सुनाना | बिलकुल स्पष्ट और ठीक बात कहना। खरी बात कहना |
| साफ होना | साफ किया जाना। |
| साफा देना | उपवास कराना। भूखा रखना। कपड़ों में साबुन लगाकर साफ करना। |
| साफा लगाना | उपवास कराना। भूखा रखना। कपड़ों में साबुन लगाकर साफ करना। |
| साबिका पड़ना | काम पड़ना। वास्ता पड़ना। लेन-देन होना। मेल-मिलाप होना। |
| सामना करना | धृष्टता करना। सामने होकर जवाब देना। गुस्ताखी करना। |
| सामने आना | आगे आना। सम्मुख आना। मुकाबिले में आना। मुंह दिखाना। |
| सामने करना | उपस्थित करना। आगे लाना। मुकाबिले में लाना। |
| सामने का | जो समक्ष हो। अपना देखा हुआ। जो अपनी उपस्थिति में हुआ हो। आगे का। |
| सामने की चोट | खुली हुई चोट। |
| सामने की बात | आंखों देखी बात। वह बात जो अपनी उपस्थिति में हुई हो। |
| सामने पड़ना | दृष्टि के आगे आना। रोक कर खड़ा होना। संयोग से मिल जाना। |

| | |
|---|---|
| सामने से उठ जाना | मौजूदगी मैं न रहना। मर जाना। |
| सामने होना | परदा न करना। घृष्टतापूर्वक बर्ताव करना। लड़ने को तैयार होना। |
| सामान करना | तैयारी करना। आवश्यक चीजें जुटाना। |
| सामान बनना | सामान होना। प्रबन्ध या तैयारी होना। |
| सामान बांधना | माल असबाब बांधकर चलने की तैयारी करना। |
| साया उठना | संरक्षक का मर जाना। |
| साया उतरना | छाया का ऊपर से नीचे आना। प्रेत बाधा दूर होना। |
| साया डालना | कृपा करना। प्रभाव डालना। |
| साया पड़ना | किसी की संगत का असर होना। छांह पड़ना। |
| साया होना | जिन, परी का असर, प्रेतबाधा होना। |
| साये की तरह साथ फिरना | हर समय साथ लगे रहना। |
| साये मैं आना | जिन, परी आदि का असर पड़ जाना। प्रेतबाधा होना। |
| साये मैं रहना | शरण मैं रहना। संरक्षण मैं रहना। |
| साये से बचकर चलना | बहुत दूर रहना। असर न पड़ने देना। |
| साये से भागना | भड़कना। सामीप्य से डरना। घृणा करना। |
| साष्टांग प्रणाम करना | बहुत बचना। दूर रहना। |
| साहस छूटना | साहस न रहना। |
| साल पलटना | बरस पूरा होकर दूसरा आरम्भ होना। |
| साल भारी होना | वर्ष का अशुभ, अनिष्टकर होना। |
| सिंगी पूरना | सिंगी के मुंह से हवा भरकर बजाना। |
| सिंदूर चढ़ना | कुमारी का विवाह होना। |
| सिंदूर देना | विवाह के समय वर का कन्या की मांग मैं सिंदूर डालकर उसे अपनी पत्नी बनाना। |

| | |
|---|---|
| सिक्का चलाना | (अपना) सिक्का जारी करना। |
| सिक्का जमना | अधिकार स्थापित होना। प्रभुत्व होना। आतंक जमना। प्रधानता प्राप्त होना। धाक जमना। |
| सिक्का जमाना | अधिकार स्थापित करना। प्रभुत्व जमाना। आतंक फैलाना। प्रधानता प्राप्त करना। |
| सिक्का पड़ना | सिक्का ढलना। |
| सिक्का बैठना | रौब-दाब कायम होना। अधिकार स्थापित होना। |
| सिक्का बैठाना | रौब-दाब कायम करना। अधिकार स्थापित करना। |
| सिट्ट भूलना | सिट-पिटा जाना। कुछ कहने या करने में असमर्थ होना |
| सिट्टी गुम होना | घबराकर चुप हो जाना। सिटपिटा जाना। |
| सिड़ सवार होना | सनक सवार होना। धुन होना। |
| सितम ढाना | भारी अन्याय करना। गजब करना। |
| सितम तोड़ना | अन्याय, अत्याचार करना। |
| सितारा गर्दिश होना | दुर्भाग्य के दिन होना। |
| सितारा चमकना | भाग्योदय होना। अच्छी किस्मत होना। भाग्य का प्रबल या अनुकूल होना। |
| सितारा बुलन्द होना | भाग्योदय होना। |
| सितारा भारी होना | दुर्दिन का आना। |
| सितारा मिलना | फलित ज्योतिष में ग्रह मैत्री मिलना। गणना बैठना। मन मिलना। परस्पर प्रेम होना। |
| सिन्न को पहुंचना | सयाना होना। |
| सिन्नि से उतर जाना | जवानी ढलने लगना। |
| सिन्नी मानना | मनौती मानना। अति प्रसन्न होना। |
| सिपर डाल देना | हथियार डाल देना। हार मान लेना। |

| | |
|---|---|
| सिपर मुंह पर लेना | रक्षा के लिए ढाल उठाना। |
| सिप्पा जमाना | युक्ति या उपाय करना। इधर उधर कह सुनकर कोशिश करना। भूमिका बांधना। किसी कार्य के अनुकूल परिस्थिति उत्पन्न करना। |
| सिप्पा बैठना | युक्ति या उपाय करना। |
| सिप्पा भिड़ना | युक्ति सफल होना। मौका मिलना। |
| सिप्पा भिड़ाना | टिप्पस जमाना। उपाय करना। |
| सिप्पा मारना | निशाना लगाना। फंदा लगाना। जाल डालना। |
| सिप्पा लगाना | निशाना लगाना। फंदा लगाना। जाल डालना। |
| सिप्पा लड़ना | युक्ति सफल होना। |
| सिप्पा लड़ाना | टिप्पस जमाना। उपाय करना। |
| सियाह करना | जो चाहना सो करना। |
| सियाह का मालिक होना | सर्वाधिकारी होना। |
| (कागज़) सियाह करना | लिखना। बहुत लिखना। |
| सियाहा करना | सियाहे में लिख लेना। |
| सियाहा होना | सियाहे में लिखा जाना। रजिस्टरों में दर्ज होना। |
| सियाही दौड़ना | (मुंह पर) सियाही छा जाना। |
| सिर अलग करना | सिर काटना। |
| सिर आंखों पर होना | स्वीकार है (होना), शौक से। माननीय होना। |
| सिर आंखों पर बैठाना | बहुत आदर सत्कार करना। बड़ी आवभगत करना। |
| सिर आंखों पर रखना | बड़ी आवभगत करना। |
| सिर आंखों से | स्वीकार है, शौक से। |
| सिर आंखों पर होना | सहर्ष स्वीकार होना। माननीय होना। |
| सिर औंधाना | सिर नीचा करना। |

| | |
|---|---|
| सिर खाना | सिर पर वार करना। क्रोधाविष्ट होना। किसी के पीछे पड़ना, झगड़ना। |
| सिर आ बनना | अभियोग लाना। कष्ट पाना। |
| सिर उकसाना | सिर ऊंचा करना। दंगा-फसाद करना। विद्रोह करना। |
| सिर उठाकर चलना | इतराकर चलना। घमंड दिखाना। अकड़कर चलना। |
| सिर उठाना | अवकाश पाना। विरोध करना। शत्रुता के लिए सन्नद्ध होना। मुकाबिले के लिए तैयार होना। ऊधम मचाना। दंगा-फसादकरना। उपद्रव करना। इतराना। अकड़ दिखाना। घमंड करना। सामने मुंह करना। बराबर ताकना। लज्जित न होना। प्रतिष्ठा के साथ खड़ा होना। इज्जत के साथ लोगों से मिलना। |
| सिर उठाने की फुरसत नहीं | जरा भी अवकाश नहीं। कार्य की अधिकता होना। |
| सिर उठाने न देना | दम भर की मुहलत न देना, काम में लगाये रखना। बोलने की फुरसत न देना। |
| सिर उठाने नहीं देता | जरा भी फुरसत नहीं देता, हरदम काम में जोते रखता है। |
| सिर उड़ जाना | सिर कट जाना। |
| सिर उड़ना | सिर कट जाना। |
| सिर उड़ाना | सिर काटना। |
| सिर उतरवाना | सिर कटवाना। मरवा डालना। |
| सिर उतारना | सिर काटना। मार डालना। |
| सिर ऊंचा करना | सम्मान का पात्र बनाना। सम्मान देना। प्रतिष्ठा देना। |
| सिर कटना | सिर में घात होना। जान से मारा जाना। |
| सिर कदम पर रखना | पांव पर सिर रखना। मिन्नत करना। आदर करना। |
| सिर करना | (स्त्रियों के) बाल संवारना। चोटी गुंथना। जबरदस्ती देना। इच्छा के विरुद्ध सुपुर्द करना। गले मढ़ना। जिम्मेवार बनाना। ताश आदि की बाजी जीतना। |

| | |
|---|---|
| सिर कलम करना | सिर काटना। |
| सिर कहां फोड़ूं | कहां तलाश करूं ? |
| सिर का न पांव का | बेसिर-पैर का, ऊल जलूल। |
| सिर का पसीना पांव को आना | अत्यधिक परिश्रम करना। |
| सिर का बोझ उतरना | किसी काम से फुरसत पाना। |
| सिर का बोझ उतारना | लापरवाही से कोई काम करना। |
| सिर का बोझ टलना | निश्चिन्तता होना। झंझट टलना। |
| सिर का बोझ टालना | बेगार टालना। अच्छी तरह न करना। जी लगाकर न करना। |
| सिर का बोझ डालना | लापरवाही से कोई काम करना। |
| सिर का बवाल होना | दूभर होना। जी का जंजाल होना। |
| सिर काटना | सिर उतारना। मार डालना। |
| सिर काढ़ना | प्रसिद्ध होना। प्रसिद्धि प्राप्त करना। |
| सिर की आफत टलना | मुसीबत दूर होना। |
| सिर की कसम | शपथ का एक प्रकार (देना, खाना)। |
| सिर की टली जान पर आयी | एक तरफ संकट टला, दूसरी तरफ से आया। |
| सिर कुचलना | पूरी तरह पराजित करना। |
| सिर के जोर | पूरी तरह से। |
| सिर के बल आना | बहुत विनीत भाव से। प्रसन्नतापूर्वक कष्ट सहकर (जाना)। उ०- सिर बल जाउं धरम यह मोरा। रामा०। |
| सिर के साथ है | जाने के साथ है। सि |
| सिर खपाना | सोचने विचारने में हैरान होना। सिर पच्ची करना। मस्तिष्क से अत्यधिक या व्यर्थ काम लेना। मग्न होना। |
| सिर खाना | बकवाद करके जी उबाना। व्यर्थ की बातें करके तंग करना। शोर मचाना। |

| | |
|---|---|
| सिर खाली करना | बकवाद करना। बेकार माथा-पच्ची करना। सोच विचार में हैरान होना। |
| सिर खींचना | तूल पकड़ना। सिर एक तरफ कर लेना। |
| सिर खुजलाना | शामत आना। मार खाने को जी चाहना (व्यंग्य)। |
| सिर खोलना | सिर उघाड़ना। बाल फैलाना। किसी कड़ी चीज से मारकर सिर फोड़ना। |
| सिर गंजा करना | इतना मारना कि सिर पर बाल न रह जाय। कंगाल कर देना। |
| सिर गाड़ी पैर पहिया करना | बहुत कठिन परिश्रम करना। |
| सिर गाला मुंह बाला | सिर सफेद, पर चेहरे पर जवानी की झलक। |
| सिर गिरना | सिर कटना। सिर झुकना। |
| सिर गिराना | सिर तन से अलग करना। |
| सिर गूंथना | चोटी करना। बाल काढ़ना (औरतों के)। |
| सिर घुटनों में देना | खिन्न होना। लज्जित होना। |
| सिर घूमना | सिर में दर्द होना। घबराहट या मोह होना। बेहोशी होना। चिन्ता से विभ्रम होना। |
| सिर घोटाना | सिर मुड़ाना। |
| सिर चकराना | सिर में दर्द होना। चक्कर आना। बेहोशी होना। पागल हो जाना। |
| सिर चढ़कर | निडर होकर। खुद छेड़खानी करके। |
| सिर चढ़कर बोलना | भूत-प्रेत का सिर पर आकर बोलना। स्वयं प्रकट हो जाना। छिपाये न छिपना। अपने आप भेद खुलना। |
| सिर चढ़कर | किसी को अपने खून का उत्तरदायी ठहराना। किसी के ऊपर जान देना। |
| सिर चढ़कर लड़ना | लड़ाई लेना। अनायास छेड़खानी करना। |

| | |
|---|---|
| सिर चढ़ना | यार बनना। |
| सिर चढ़ाकर पटकना | आदर देकर अपमानित करना। |
| सिर चढ़ाना | अनुचित कामों की उपेक्षा करके उद्दंड बनाना। शिरोधार्य करना। आदर का भाव दिखाना। देवी-देवता को बलि देना। पूज्य भाव दिखाना। लड्डू बढ़ा देना। मुंह लगाना। |
| सिर चला जाना | मृत्यु हो जाना। |
| सिर चिटकना | सिर के बालों का चिकट जाना। |
| सिर चिकटाना | सिर के बालों को चिकटने की स्थिति में करना। |
| सिर चीरना | सिर जख्मी करना। लड़ना। जिद करना। जबरदस्ती करना। |
| सिर जाना | सिर कटना। किसी के जिम्मे पड़ना। |
| सिर जोड़कर बैठना | मिलकर बैठना। मंत्र-परामर्श के लिए पास पास बैठना। |
| सिर जोड़ना | एकत्र होना। पंचायत करना। एका करना। षड्यंत्र रचना। सिर मिलाना। राय करना। |
| सिर झाड़ना | बालों में कंघी करना। |
| सिर झुकना | सिर नीचा होना (लज्जा, पराजय आदि से)। |
| सिर झुकाना | सिर नवाना। नमस्कार करना। लज्जा से गरदन नीची करना। सादर स्वीकार करना। चुपचाप मान लेना। |
| सिर टकराकर मर जाना | इच्छा पूरी न होने की स्थिति में ही दु:खमय अंत होना। व्यर्थ हैरान होना। |
| सिर टकराना | सिर फोड़ना। अत्यन्त परिश्रम करना। सिर में टक्कर लगाना। |
| सिर टीका होना | काम का किसी पर मुनहसर होना। |
| सिर टूटना | सिर फटना। लड़ाई झगड़ा होना। |
| सिर डालना | किसी के सिर मढ़ना। दूसरे के ऊपर कार्य का भार देना। आरोपण करना। |

| | |
|---|---|
| सिर ढांकना | सिर पर कपड़ा डाल लेना। |
| सिर ढोरना | प्रसन्न होकर सिर हिलाना।उ०- मुरली की धुनि सुनि सुर-वधु सिर ढोरौ। सूरदास मनमोहना। |
| सिर तन से उतारना | सिर काटना। |
| सिर तराशना | सिर काटना। |
| सिर तोड़ कोशिश करना | अत्यधिक प्रयत्न करना। |
| सिर तोड़कर लेना | बलपूर्वक कोई चीज ले लेना। |
| सिर तोड़ना | सिर फोड़ना।खूब मारना पीटना।वश में करना। |
| सिर थकाना | किसी को आवश्यकता से अधिक समझाना।किसी काम में अत्यधिक दिमाग लगाना। |
| सिर थाम लेना | कोई बुरी खबर सुनकर या कोई चोट पहुंचानेवाली बात होने पर सिर पकड़ लेना। |
| सिर थामकर बैठ जाना | शोक,क्षोभ,आघात आदि के वेग से सिर पकड़कर बैठ जाना। |
| सिर थुप जाना | जिम्मे पड़ना।दोष लगना। |
| सिर थोपना | किसी के जिम्मे करना।दोष लगाना। |
| सिर दबाना | सिर की मालिश करना।पराजित करना। |
| सिर दाबना | सिर की मालिश करना।पराजित करना। |
| सिर दिखाना | जूंएं निकलवाना। |
| सिर दुखना | सिर में दर्द होना। |
| सिर दुखाना | सिर में दर्द पैदा करना।सिर फिराना।परेशान करना। |
| सिर दे-दे मारना | सिर पीटना (शोकादि में)। |
| सिर दे मारना | सिर पीटना (शोकादि में)। |
| सिर देना | प्राण न्योछावर करना।जान देना। |

लेना।

| | |
|---|---|
| सिर दोष लगाना | किसी को किसी बात का दोषी ठहराना। उ०- तुम तो दोष लगावन को सिर, बैठे देखत नैरी। सूर। |
| सिर धरना | सादर स्वीकार करना। मान लेना। अंगीकार करना। आरोप करना। लगाना। मढ़ाना। उत्तरदायी बनाना। |
| सिर धुनना | शोक या पछतावे से सिर पीटना। ~~अपनी भूल समझकर~~ पछताना। हाथ मलना। शोकर करना। उ०- सिर धुनि धुनि पछिताय। रामा० । |
| सिर धोना | सिर के बालों को खली, मिट्टी वगैरह डालकर पानी से साफ करना। |
| सिर नंगा करना | सिर खोलना। इज्जत उतारना। अपमानित करना। |
| सिर न पांव | क्रमहीन। बेतुका। |
| सिर नवाना | सिर झुकाना। नमस्कार करना। विनीत बनना। दीन बनना। |
| सिर नहीं उठा सकता | उपकार के भार से आंख नहीं मिला सकता। |
| सिर नापना | सिर काटना। |
| 726 सिर निकालना | पानी या किसी चीज में से सिर बाहर करना, प्रकट होना। तरक्की करना। |
| सिर निहुराना | लज्जा से सिर नीचा करना। कृतज्ञ रहना। |
| सिर नीचा करना | लज्जा से से सिर नीं झुकाना। शर्माना। प्रतिष्ठा होना। मर्यादा नष्ट करना। उदास होना। |
| सिर नीचा होना | अप्रतिष्ठा होना। इज्जत बिगड़ना। मान भंग होना। पराजित होना। हार होना। लज्जित होना। |
| सिर पकड़कर बैठना | शोकावेग से मौन होकर बैठना। खेद और पश्चाताप के चिन्ह प्रकट करना। |
| सिर पकड़कर रह जाना | अत्यन्त दु:ख और आश्चर्य की स्थिति में होना। |
| सिर पकड़कर रोना | सिर पर हाथ धरके रोना। |

| | |
|---|---|
| सिर पचाना | परिश्रम करना। उद्योग करना। सोचने विचारने में हैरान होना। |
| सिर पटकना | सिर फोड़ना। सिर धुनना। बहुत परिश्रम करना। अफसोस करना। हाथ मलना। घबड़ाना। |
| सिर पड़ना | जिम्मे पड़ना। भार ऊपर दिया जाना। हिस्से में आना। मजबूरी का सौदा होना। |
| सिर पर | ऊपर। बहुत पास या सामने। |
| सिर पर अजल (मौत) का खेलना | मृत्यु के लक्षण दिखाई देना। |
| सिर पर अहसान करना | अहसानमंद बनाना। |
| सिर पर अहसान धर जाना | किसी को कृतज्ञ बनाना। |
| सिर पर आंखें न होना | अक्ल न होना। |
| सिर पर आ चढ़ना | पीछे पड़ जाना। छाती पर मौजूद होना। |
| सिर पर आना | बहुत समीप आ जाना। थोड़े ही दिन और रह जाना। |
| सिर पर आ पड़ना | अपने ऊपर घटित होना। ऊपर आ बनना। जिम्मे पड़ना। |
| सिर पर आ पहुंचना | सन्निकट आना। |
| सिर पर आना | आवेश होना। प्रभाव होना। खेलना। बहुत पास आ जाना। |
| सिर पर आफत आना | विपत्ति आना। |
| सिर पर आरे चलना | अत्यन्त संकट की स्थिति में होना। |
| सिर पर आसमान उठाना | बहुत शोर-गुल मचाना। |
| सिर पर आसमान टूटना | बहुत बड़ी विपत्ति आना। दैवी कोप होना। |
| सिर पर उठा ले जाना | सिर पर रखकर ले जाना। मरकर साथ ले जाना। |
| सिर पर उठा लेना | बहुत ऊधम करना। धूम मचाना। |

| | |
|---|---|
| सिर पर कफ़न बांधना | मरने के लिए तैयार रहना। |
| सिर पर क़यामत टूटना | विपत्ति आना। |
| सिर पर क़यामत बरपा करना | मुसीबत लाना। शोर, हंगामा करना। |
| सिर पर काली हांडी रखना | शरमिंदा होना। |
| सिर पर कुरान उठाना | कुरान की कसम खाना। |
| सिर पर कुरान रखना | कुरान की कसम खाना। |
| सिर पर कोई न होना | कोई मददगार या संरक्षक न होना। |
| सिर पर कोदों दलना | दूसरे को जलाने के लिए कोई काम करना। दूसरी शादी करना। |
| सिर पर खड़ा होना | सामने रहना। सन्निकट होना। बेअदबी से खड़ा होना। |
| सिर पर खाक उड़ाना | शोक करना। |
| सिर पर खून चढ़ना | किसी की जान लेने पर उतारू होना। हत्या के कारण आपे में न रहना। हत्या करने का लक्षण प्रकट होना। |
| सिर पर खून लेना | कत्ल का जिम्मेवार होना। |
| सिर पर खून सवार होना | किसी की जान लेने पर उतारू होना। हत्या के कारण आपे में न रहना। हत्या करने का लक्षण प्रकट होना। |
| सिर पर खून होना | कत्ल का जिम्मेवार होना। |
| सिर पर खेलना | प्रेत का सिर पर आकर बातें करना, निकट होना। सिर पर आना। जान जोखिम में डालना। |
| सिर पर गठरी रखना | सिर पर बोझ रखना। जिम्मेदारी डालना। |
| सिर पर चक्कियां चलना | सिरहाने घर्घर की आवाज, शोरगुल होना। |
| सिर पर चढ़ना | मुंह लगना। |
| सिर पर चढ़ाना | आदर करना। मनबढ़ करना। बढ़ावा देना। मुंहलगा करना |
| सिर पर चढ़ा रहना | पीछे लगा रहना। |

| | |
|---|---|
| सिर पर चिल्लाना | पास आकर शोर करना। |
| सिर पर छत उठा लेना | बहुत शोर-गुल करना। |
| सिर पर छप्पर रखना | बोझ से दबना।दबाव डालना।जिम्मे देना। |
| सिर पर जुनून चढ़ना | पागलपन सवार होना।धुन,जिद होना। |
| सिर पर जहानभर का बेड़ा उठा लेना | बड़ा झगड़ा मोल लेना।सामर्थ्य से बाहर काम ले बैठना। |
| सिर पर जिन खेलना | प्रेत के आवेश में अंगों का अस्वाभाविक परिचालन और प्रलाप करना। |
| सिर पर जिन चढ़ना | भूत-प्रेत का सिर पर आना। |
| सिर पर जिन सवार होना | भूत-प्रेत का सिर पर आना। |
| सिर पर जूं न रेंगना | ध्यान न होना।चेत न होना।होश में न होना। |
| सिर पर टीका होना | किसी काम की सफलता किसी पर निर्भर होना। किसी तरह की नामवरी का ताज होना।प्रतिष्ठा, सम्मान पाना। |
| सिर पर टूटना | सिर पर मारकर तोड़ा जाना। |
| सिर पर डालना | सिर डालना।मत्थे मढ़ना। |
| सिर पर ढोल बजाना | शोर-गोल करना।चिल्लाना। |
